ALL INDIA GOVERNMENT DRIVERS' FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12) Regd. Add. : B-8, Shastri Gali, Vill. Dayal Pur, N.D.-110094
(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt.)

President :
Milan Raj Banshi
(M) 09436001452
Kohima Post Box - 770, Nagaland-797001
Email : milanrajbanshi8@gmail.com

Secretary General :
Narender Singh (Delhi)
(M) 9210274309
Off. Tel. No. : 23378128
E-mail : aigdf16@gmail.com

Ref. No. AIGDF/2019/233 Date. 04-04-2019

सेवा में,

श्रीमान् सचिव महोदय,
परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार
परिवहन भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली–110001

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय प्राप्त किया
0 5 APR 2019
RECEIVED
Ministry of Road Transport & Highways

विषय :– 11 जून को चालक दिवस घोषित करने हेतू अनुरोध ।

महोदय,

ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फैडरेशन (पंजी0), नई दिल्ली के प्रतिनिधि माननीय भूतल परिवहन एवं जहाजरानी, राज्यमंत्री श्री मनसुख मन्डविया जी से दिनांक 05–09–2018 को उनके कार्यालय, परिवहन भवन, संसद मार्ग पर मिले थे, जिसमें हमने अन्य मांगो के साथ चालक पद को तकनिकी पद घोषित करने तथा 11 जून को चालक दिवस घोषित करने की मांग रखी थी । माननीय मंत्री महोदय, ने इन मांगो पर स्वीकृति प्रकट करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था, परन्तु अभी तक इस संबंध में कोई आदेश जारी नही किया गया है ।

महोदय, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फैडरेशन (पंजी0), नई दिल्ली पूरे भारत के राजकीय चालकों का प्रतिनिधित्व करता है और भारत के सभी राज्यों एवं केन्द्र सरकार की राजकीय वाहन चालक समितियाँ इस संस्था की सदस्य है ।

महोदय, पिछले कुछ दशकों में वाहनों एव वाहन चालकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्वि हुई है । वर्ष 2015 में यात्री कारो ने लगभग 19 बिलियन (1900 करोड) किलोमीटर की यात्रा तय की थी जो कि लगभग 5200 लॉख किलोमीटर प्रतिदिन आता है जो कि केवल चालकों द्वारा सम्पन्न हो पाई । 1970 में भारत में चालकों की कुल संख्या एक लाखॅ 84 हजार थी जो 2015 तक बढकर 15 लाख हो गई और 2018 में 2.56 करोड से अधिक हो गई । इस दौरान लगभग एक हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हुआ । यह तथ्य चालक पद के महत्व और उसकी मोजूदगी को प्रकट करने के लिए प्रस्तुतः किए गये है । आकडो के हिसाब से भारत में वर्ष 2015 में प्रति एक हजार व्यक्ति 357 कारे थी । वर्तमान में देश में 27 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जा रहा है जो कि लगभग प्रतिवर्ष

9,829/–किलोमीटर है । इस पर भारत सरकार के लगभग 1,16,324/–करोड रूपये वर्ष 2017–18 में खर्च किये गये, जिन पर चालकों द्वारा वाहन चलाये जा रहे है । सरकार द्वारा चालकों की उपेक्षा के कारण ही वर्तमान में परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है, ना रेल समय पर चलती है ना बस समय पर चलती है ।

महोदय, चालक अपनी जान हथेली पर रखकर अपने अधिकारियों की सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चलाता है, चालक मात्र चालक ना होकर सारथी भी है जो सभी को उनके गंतव्य तक शीघ्र और सुरक्षित पहुॅचाता है, हवाई जहाज के चालक को पायलट कहते है और पानी के जहाज के चालक को केप्टन कहते है, बस चलाने वाला भी चालक और रेल चलाने वाला भी चालक है, कार चलाने वाला भी चालक क्रेन चलाने वाला भी चालक है, एम्बूलेंस चलाने वाला भी चालक है ट्रक चलाने वाला भी चालक है । साइकिल से लेकर ट्रेक्टर चलाने वाला भी चालक है । इससे स्पष्ट है कि चालक के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास संभव नही है । यदि चालक एक दिन डयूटी पर ना आये तो पूरा देश ठप्प हो सकता है । जबकि आज कि तारीख में सरकार में चालक सबसे उपेक्षित पद माना जा रहा है । अतः चालक के मान और सम्मान को बचाये रखने का अनुरोध करता हूॅं ।

महोदय, 11 जून 1994 को ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फैडरेशन (पंजी0), की स्थापना नई दिल्ली में की गई थी जिसे 25 वर्ष पूरे हो रहे है । अन्य चालकों के साथ इस संस्था से लगभग 2 लॉख राजकीय वाहन चालक संबंध रखते है । फैडरेशन 11 जून 2019 को रजत जंयति को चालक दिवस के रूप में मनाने जा रही है । भारत की सभी राजकीय वाहन चालक राज्य समितियॉ और केन्द्रीय सरकार वाहन चालक समिति भी 11 जून को चालक दिवस के रूप में मनाने की तैयारी कर रही है । भारत में कई अन्य दिवस, जैसे विश्व हिन्दी दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस, भारतीय सेना दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, महिला दिवस, उपभोक्ता अधिकार दिवस, स्वास्थ्य दिवस, श्रमिक दिवस, पर्यावरण दिवस, स्पोटस दिवस, पर्यटक दिवस, शिक्षक दिवस, बाल दिवस, सरकार द्वारा घोषित किये हुए है, परन्तु चालक दिवस के नाम से कोई दिन नही है, जबकि चालक के बिना किसी भी दिवस का आयोजन संभव नही है ।

महोदय, फैडरेशन आपसे अनुरोध करता है कि आप 11 जून 2019 को फैडरेशन के रजत जयंति समारोह में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढाये जो कि राजाराम मोहन राय, मेमोरियल हाल, 12 विष्णु दिगम्बर मार्ग पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक होगा और उसी दिन 11 जून को चालकों के प्रति सम्मान दर्शाते हुए राष्ट्रीय चालक दिवस घोषित करने की कृपा करे ।

फैडरेशन आपकी आभारी रहेगी ।

धन्यवाद,

भवदीय

नरेन्द्र सिंह

(नरेन्द्र सिहॅ)

महासचिव